डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

# साहित्य अकादेमी द्वारा बहुभाषी कवि सम्मिलन का आयोजन

## चार कवियों ने प्रस्तुत की अपनी रचनाएँ

**नई दिल्ली। 25 नवंबर 2020;** साहित्य अकादेमी द्वारा राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के अवसर पर आज बहुभाषी कवि सम्मिलन का आयोजन किया गया, जिसमें अनामिका (हिंदी), गगन दीप शर्मा (पंजाबी), इम्तेयाज रूमी (उर्दू) एवं आभा झा (मैथिली) ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। वरिष्ठ कवयित्री अनामिका ने नमस्कार 2064, नमक, आम्रपाली एवं प्रसूति गृह में पिता शीर्षक से अपनी चार कविताएं प्रस्तुत कीं। इन कविताओं में पर्यावरण, स्त्री के अतीत और वर्तमान में समाज के साथ उसके बनते बिगड़ते रिश्तों पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई थी। इम्तेयाज रूमी (उर्दू) और गगन दीप शर्मा (पंजाबी) ने अपनी अपनी भाषाओं में गजलें पेश कीं। इनमें कोरोना महामारी पर तो मार्मिक टिप्पणी थीं ही बल्कि छोटे कस्बों से शहर आए लोगों के सपने और संघर्ष भी थे। आभा झा (मैथिली) ने देशभक्ति, श्रृंगार एवं करुण रस की कविताएं सस्वर प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम में अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव सहित अन्य कई महत्त्वपूर्ण लेखक एवं पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अकादेमी के उप-सचिव (प्रकाशन) एन. सुरेश बाबु ने किया।

ज्ञात हो कि यह पुस्तक प्रदर्शनी दिनांक 27 नवंबर तक पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक प्रतिदिन खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में पुस्तकें 20 प्रतिशत की आकर्षक छूट पर उपलब्ध हैं एवं कुछ चुनिंदा पुस्तकों पर 75 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध रहेगी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in